हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

मेरे चाह से ज़्यादा तुमने दिया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

तुम्हारे रहम से गुज़ारा चले
ये परिवार भी अब हमारा पले
लगाया मुझे तुमने जबसे गले
बुरे दिन थे जो अब हो गए भले
करम अपना ठाकुर जो तुमने किया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

हुआ धन्य जीवन मेरा आपसे
सुकून को दिल को मिलता तेरे जाप से
सुमिर के तुझे मैं बचा पाप से
दिया तुमने छुटकारा संताप से
हर लम्हा आनंद से मैंने जिए
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

तुमसे किसिस का निगेहबान हो
वो कुंदन कभी न परेशान हो
दयालु बड़े तुम दयावान हो
तुम बावरा की ही पहचान हो
मेहरबानियों का खज़ाना दिया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया
मेरी चाह से ज़्यादा...........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11414/title/har-pal-karu-main-tera-shukariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |